महत्वपूर्ण एवं खास

युवक पर धारदार हथियार से हमला

रायपुर (आरएनएस)। धनगर मोहल्ला में मामूली बात पर दो लोगों ने एक युवक पर नुकीली हथियार से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार धनगर मोहल्ला निवासी प्रार्थी शुभम धनगर 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी नंदकुमार एवं गायत्री निषाद प्रार्थी के घर के पास गाली-गलौज कर रहा था। जिसे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर नुकीली हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

कार की टक्कर से एक्टिवा सवार घायल

रायपुर (आरएनएस)। अग्रसेन धाम चौक के पास कार की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक घायल हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार विशाल नगर तेलीबांधा निवासी प्रार्थी हर्षित वाधवानी 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा से कहीं जा रहा था, तभी आरोपी कार क्रमांक सीजी 04 एमए 9695 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दिया। जिससे प्रार्थी घायल हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर (आरएनएस)। न्यू मार्केट चौक के पास पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 18 ब्लाक माना कैंप निवासी प्रार्थी गणेश राय 22 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अभिषेक व अभिनव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

70 नग अवैध नशीली दवा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के थाना कोतवाली को सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो कुम्हारपारा पंट्रोल पंप पास अवैध नशीली दवाईयों की तस्करी कर रहा है। सूचना पर थाना कोतवाली व साइबर सेल की टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा घेराबंदी कर आरोपी लक्ष्मी नारायण मांझी निवासी उडीसा को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से कुल 70 नग अवैध नशीली दवा की बोतल, 01 नग मोबाईल व नगद 17500 रूपये को बरामद कर,जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 21 एनडीपीएस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। जप्तशुदा अवैध नशीली दवा की अनुमानित बाजार मूल्य 11340 रूपये आंकी गई है।

इलाज के दौरान दो की मौत

महासमुंद (आरएनएस)। उपचार के लिए भर्ती वृद्धा और हादसे में घायल अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार महासमुंद निवासी लक्ष्मी सोनवानी (70) को 30 दिसंबर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी तरह सिघोंड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हारपाली निवासी रामलाल यादव (55) को सडक़ हादसे में घायल होने के बाद 11 जून को उपचार के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

चिराईपानी के ग्रैंड व्यू रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब परोसे जाने की शिकायत पर कोतरा रोड पुलिस की रेड

❑ रेस्टोरेंट्स से 20 बियर बॉटल जब्त, सार्वजनिक स्थान पर शराब खोरी करते पाए गए आधा दर्जन व्यक्तियों पर भी कार्यवाही

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी रायगढ़ संजय महादेवा एवं सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर कल नववर्ष की पूर्व संध्या पर शांति व्यवस्था के लिए शहर के चौक-चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ नियमित पुलिस पेट्रोलिंग के अतिरिक्त पुलिस की पेट्रोलिंग लगाई गई थी। पुलिस अधिकारीगण द्वारा सादीवर्दी में अपने स्टाफ व मुखबिर लगाकर न्यू ईयर सेलिब्रेशन के बहाने उत्पात करने वाले तत्वों पर नजर रखी जा रही थी। वहीं न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर होटल, लॉज, ढाबों में अवैध रूप से शराब परोसे जाने की शिकायत को लेकर सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में कल शहर में होटल, ढाबा, लाज, रेस्टोरेंट चेक कर संचालकों को संस्थान में अवैध शराब ग्राहकों विक्रय पर विधिवत कार्रवाई किये जाने की हिदायत दिया गया तथा प्रभारियों को समय-समय पर उनके-उनके क्षेत्र में संचालित होटल, ढाबा, लाज, रेस्टोरेंट की गतिविधियों के संबंध में मुखबिरों से सूचनाएं लेने निर्देशित किये।

इसी क्रम में रात्रि (आज दिनांक 01.01.2023) को करीब 03.00 बजे मुखबिर सूचना पर सीएसपी रायगढ़ के नेतृत्व में कोतरारोड़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गिरधारी साव के हमराह कोतरारोड पुलिस की टीम द्वारा शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर हाईवे पर स्थित ग्राम चिराईपानी के ग्रैंड व्यू रेस्टोरेंट में शराब रेड कार्यवाही किया गया, मुखबिर की सूचना थी कि संचालक द्वारा रेस्टोरेंट में अवैध रूप से ग्राहकों को शराब पिलाया जा रहा है, सूचना पर एकाएक मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने रेस्टोरेंट के संचालक दुर्गेश साहू उर्फ रिंकू साहू को मौके पर तलब कर रेस्टोरेंट में शराब पिलाये जाने के संबंध में हिकम्मत अमली से पूछताछ किए जाने पर संचालक अपने रेस्टोरेंट में अंग्रेजी बियर विक्रय करना स्वीकार किया और काउंटर से दो प्लास्टिक झोले में रखे बडवाइजर बियर की 20 भरी बीयर बोतल कीमत रु.4560 का पेश किया गया जिसे विधिवत जब्ती की गई। रेस्टोरेंट संचालक के कृत्य पर आरोपी दुर्गेश साहू उर्फ रिंकू साहू पिता दिल हरण साहू उम्र 34 वर्ष निवासी किरोड़ीमल थाना कोतरारोड द्वारा पर थाना कोतरारोड में आबकारी एक्ट की धारा 34(2),59(क) के तहत कार्यवाही कर आरोपी को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पकड़े गए भूपेंद्र प्रसाद दुबे, दिलेश्वर पटेल, विवेक वर्मा, दिलीप बंसल, जय नाथ मिश्रा तथा अशोक पटेल पर कोतरारोड पुलिस द्वारा 36(च)1 के तहत आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया है। शराब रेट कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतरारोड उपनिरीक्षक गिरधारी साव सहायक, उपनिरीक्षक कमाल सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार, आरक्षक संदीप कौशिक और कमलेश यादव शामिल थे।

सड़क हादसे में पुलिसकर्मी सहित दो की मौत

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी से लगे राखी थाना क्षेत्र में बीती रात एक भीषण सडक़ हादसा में एक पुलिसकर्मी समेत 2 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा निमोरा के पास बन रहे एक्सप्रेस वे पर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस जवान कुलदीप तिर्की शनिवार की रात में अमलीडीह में अपने क्वॉर्टर से ड्यूटी के लिए अभनपुर थाना जा रहे थे। इस दौरान निमोरा के पास उनकी बाइक को तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद कुलदीप की बाइक में भीषण आग लग गई। राहगीरों ने कुलदीप को जलते बाइक से दूर किया और एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। लेकिन इलाज के दौरान कॉन्स्टेबल कुलदीप ने दम तोड़ दिया। घटना स्थल पर हाईवा रुका हुआ था, तभी पीछे से आ रहे एक और युवक दिनेश रक्सेल भी अपनी बाइक समेत हाईवा से जा टकराया। टक्कर की वजह से दिनेश के सिर और शरीर के कुछ हिस्सों में गंभीर चोटें आई और उसकी भी मौत हो गई। दिनेश रायपुर के मौदहापारा इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है।

ओएचई लाइन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, कोयला लदी मालगाड़ी में पड़ी थी लाश

कोरबा (आरएनएस)। जिले में ओएचई लाइन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। गेवरा रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी आकर रुकी तो उसमें अधेड़ की लाश देख हडक़ंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर रेलवे व कुसमुंडा थाने से पुलिस पहुंची। मृतक की शिनाख्त चमरू कुमार (56) के रूप में की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार गेवरा रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी लाइन क्लीयर होने का इंतजार में खड़ी थी। इस दौरान मालगाड़ी के ऊपर एक लाश दिखाई दी। इसके बाद स्टेशन में अफरा तफरी मच गई। मौके पर मौजूद रेल कर्मियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर रेलवे पुलिस व कुसमुंडा थाने की पुलिस पहुंची और शव को उतरवाया गया। जांच के दौरान पता चला कि मृतक आदर्श नगर निवासी चमरू कुमार था।

शुरुआती जांच में पता चला है कि चमरू कुमार हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आ गया था। मालगाड़ी के ऊपर वह कैसे पहुंचा इसकी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी के ऊपर चढने के बाद व ओएचई लाइन के संपर्क में आया और झुलस गया। इससे उसकी मौत हुई। मृतक के शरीर का काफी हिस्सा झुलसा हुआ था। कुसमुंडा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छत्तीसगढ़ के एम्स में में जल्द ही खुलेगा नार्को एनालिसिस सेंटर, राज्य सरकार का निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में पुलिस और जांच एजेंसियों को अब किसी भी मामले में आरोपी के नार्को टेस्ट के लिए दूसरे राज्य नहीं जाना पड़ेगा। प्रदेश में जल्द ही नार्को एनालिसिस सेंटर खुलेगा। राज्य सरकार के निर्देश पर पुलिस महकमा इसकी तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में पुलिस महकमे के उच्च अधिकारियों ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में नार्को एनालिसिस सेंटर बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर एमओयू करने के लिए भेजा है। एम्स प्रबंधन ने भी नार्को एनालिसिस सेंटर स्थापित करने में रूचि दिखाई है। प्रबंधन का कहना है कि एम्स में सभी तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध है। सेंटर स्थापित करने में कोई परेशानी नहीं होगी।

वर्तमान में पुलिस और जांच एजेंसियों को आरोपी के नार्को टेस्ट के लिए हैदराबाद जाना पड़ता है, जिसमें काफी समय लग जाता है। कई मामलों में कोई ना कोई बहानाकर आरोपित हैदराबाद जाने से मना भी कर देते हैं, जिससे जांच में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ती है। नार्को टेस्ट का ज्यादातर उपयोग हाई प्रोफाइल केस में ही किया जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, नार्को टेस्ट के दौरान मालिक्यूलर लेवल पर आरोपित के नर्वस सिस्टम में दखल देकर उसकी हिचक कम की जाती है। नींद जैसी अवस्था में अपराध के बारे में प्रमाणिक सत्य प्राप्त करने का प्रयास होता है। इंजेक्शन वाले पदार्थ की डोज आरोपित के लिंग, आयु, स्वास्थ्य और शारीरिक स्थिति के अनुसार तय होती है। नार्को टेस्ट की प्रक्रिया के दौरान विशेषज्ञों द्वारा लगातार निगरानी की जरूरत होती है। ब्लड प्रेशर या पल्स गिर जाता है तो अस्थाई तौर पर आक्सीजन भी दी जाती है। नार्को टेस्ट में मनोचिकित्सक की महती भूमिका रहती है।

नक्सलियों ने की एक ग्रामीण युवक की हत्या

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र अंर्तगत तर्रेम मार्ग पर नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप में एक ग्रामीण संजय ताती उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम तर्रेम कुरसम पारा की हत्या कर दी है, पुलिस ने शव के साथ पर्चा भी बरामद किया है। हत्या के बाद शव को तर्रेम मार्ग पर स्थित सीआरपीएफ 151 सुनील पोस्ट और पेगड़ापल्ली के बीच फेंक दिया गया। नक्सलियों ने शव के पास पर्चा छोडक़र ग्रामीण पर पुलिस से मेलजोल बढ़ाने और मुखबिरी का आरोप लगाया है। पुलिस मौके पर पंहुचकर शव को बासागुड़ा थाना लाया गया है। बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने नक्सली हत्या की पुष्टि की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तर्रेम के कुरसम पारा निवासी ग्रामीण युवक संजय ताती का बीती रात नक्सलियों ने अपहरण कर लिया था। संजय के अपहरण के वक्त पत्नी व परिजनों ने नक्सलियों से उसे छोड़ देने की गुहार लगाई, लेकिन नक्सली नहीं माने और आधी रात उठाकर साथ ले गये। नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाकर बेरहमी से हत्या कर शव को तर्रेम मार्ग पर फेंक दिया, सुबह ग्रामीणों ने शव देखकर इसकी सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर शव और नक्सली पर्चा अपने कब्जे में लेकर तर्रेम व बासागुड़ा पुलिस द्वारा विवेचना किया जा रहा है। शव को बासागुड़ा लाया गया है, जहां पोस्टमार्टम किया जायेगा। नक्सलियों ने नववर्ष के पहले दिन हत्या के साथ शुरू कर नक्सल तालीबानी आतंक का संदेश देने का काम किया है, और यह भी बता दिया है कि ग्रामीणों की हत्या और आतंक का दौर जारी रहेगा।

दो नक्सलियों ने किया सरेंडर, एक पे एक लाख का था ईनाम

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। एएसपी ओम चंदेल व सीआरपीएफ़ की 227वीं बटालियन के अधिकारियों के सामने दो नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। इनमें से एक पर एक लाख रुपए का ईनाम भी था, ये दोनों उड़ीसा, सुकमा और दंतेवाड़ा सीमा में लगातार सक्रिय गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। एसपी सुनील शर्मा द्वारा चलाए जा रहे पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। अब दोनों नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति का लाभ भी दिया जाएगा और उन्हें मुख्य धारा में लाने की मदद भी प्रशासन करती है।

पुलिस जवानों के साथ मुख्यमंत्री ने मनाया नववर्ष, 10 नए थानों का किया लोकार्पण

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीयगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में पहुंचकर छग पुलिस के जवानों के साथ पुलिस द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में शामिल होकर उन्हें नववर्ष की बधाई दी। उक्त अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने 10 नवनिर्मित थानों का वर्चुअली लोकार्पण किया। समारोह में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू संसदीय सचिव गृह विकास उपाध्याय मुख्य सचिव अमिताभ जैन एवं पुलिस महानिदेशक छग पुलिस अशोक जुनेजा उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि छग पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा 10 थानों का नवनिर्माण करवाया गया है जिसमें प्रति थाने के निर्माण में ढाई करोड़ की लागत आई है

मुख्यमंत्री ने समारोह में सुरक्षा व्यवस्था अपराधों के नियंत्रण के साथ साथ कोराना काल में मानवता की सेवा करने के लिए पुलिस जवानों की सराहना की और कहा कि छग पुलिस ने पूरे देश के सामने कोरोना काल में मानवीय संवेदनाओं की अनुपम मिशाल प्रस्तुत की है।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साहस समर्पण और निडरता से बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में पुल पुलिया का निर्माण सुगमतापूर्वक हो सका है। शासन की योजनाओं का अमलीकरण करने में भी छग पुलिस के जवानों ने अथक मेहनत की है। स्थिति अब यह हो गई है कि आमजन खुद बस्तर क्षेत्र के पुलिस कैंप खोलने की मांग शासन से करने लगे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं वरन पूर्ण विश्वास है कि पूर्व की भांति छग पुलिस अपने साहसपूर्ण कारनामों से देश के समक्ष एक नई मिशाल कायम करेगी।

पड़ेगी कड़ाके की ठंड : छत्तीसगढ़ में 7 डिग्री पहुंचा पारा

❑ राजधानी में चार डिग्री पहुंच सकता है तापमान, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो चुका है. प्रदेश के कई जिलों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. सबसे कम तापमान जशपुर में 7 डिग्री दर्ज किया गया है. कोरिया और सरगुजा में 8.5, कोरबा में 11, रायगढ़ में 12.4 डिग्री, बिलासपुर में 11.8, मुंगेली में 10.8, बलौदाबाजार में 11.6 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है. राजनांदगांव में 12, दुर्ग में 11.5, महासमुंद में 11 डिग्री, नारायणपुर में 11.4, कांकेर में 11.6, बस्तर में 14, बीजापुर में 16 और दंतेवाड़ा में 15.2 डिग्री पारा पहुंचा है.

मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट- मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे. सुबह के समय घना कोहरा रह सकता है. अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम तामपान 8 डिग्री रहेगा. साल के पहले दिन 1 जनवरी को अधिकतम तापमान 20 और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के आसपास रहेगा. इसके बाद 2 से 5 जनवरी के बीच अधिकतम तापमान 18 से 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 4 डिग्री के आसपास सिमट जाएगा. इस बीच राजधानी दिल्ली में घने कोहरे और शीत लहर को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

आदमखोर तेंदुआ ने तीन बच्चों को उतारा मौत के घाट

❑ ग्रामीणों इलाके में दहशत

बलरामपुर (आरएनएस)। रामानुजगंज विगत 16 दिनों से तेंदुआ के आतंक से छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे झारखंड के दर्जनों गांव के लोग दहशत में है अब तक तेंदुआ के द्वारा 3 बच्चों को मौत के घाट उतार चुका है छत्तीसगढ़ के सीमा से सटे सरहदी गांव की स्थिति ऐसी है कि झारखंड के वन विभाग के द्वारा लगाए गए कैमरा व ड्रोन कारगर साबित नहीं हो रहा है पिंजरा जाल सभी बेकार पड़े हैं। छत्तीसगढ़ के सरहद से लगे झारखंड के दर्जनों गांव में तेंदुआ के आतंक की चर्चा रामानुजगंज एवं आसपास क्षेत्र में दिन भर रहता है। छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज सहित आसपास गांव के लोग भी दहशत में है कि तेंदुआ कभी भी इस ओर न आ जाए।

सरहदी क्षेत्रों में आदमखोर हो चुके तेंदुआ को पकडऩे के लिए झारखंड वन विभाग की टीम लगातार सक्रिय है परंतु अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है तेंदुआ लगातार अपना ठिकाना बदलते रह रहा है ऐसे में वन विभाग के द्वारा लगाया गया ड्रोन, कैमरा सहित पिंजरा जाल सभी बेकार साबित हो रहा है। झारखंड के वन विभाग के द्वारा तेंदुआ को आदमखोर घोषित करते हुए उसे मारने के लिए हैदराबाद के चर्चित शूटर नवाब अली खान से संपर्क किया है। दक्षिणी वन मंडल पदाधिकारी शशी कुमार बताते हैं कि विभागीय प्रक्रिया के बाद नवाब अली खान को गढ़वा बुलाया जाएगा ताकि आदमखोर तेंदुआ को मारा जा सके। फिलहाल तेंदुआ को पकडऩे के लिए मेरठ से तीन और पिंजरे मंगाए जा रहे हैं।

शुक्रवार के सुबह पैरों के निशान देखकर दहशत में आए लोग, वन विभाग ने लकड़बग्घा के निशान होने की पुष्टि की- रामानुजगंज के रिंग रोड में शुक्रवार की सुबह कुछ लोगों ने दावा किया हम लोगों ने एक जंगली जानवर को छलांग मारते हुए देखा है जिसके बाद वहां काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए एवं पैरों के निशान मिले तो लोग दहशत में आ गए व चर्चा होने लगी की यह तेंदुआ के पैरों के निशान है जिसके बाद तत्काल डीएफओ विवेकानंद झा को सूचना दी गई विवेकानंद झा के तत्कालिक निर्देश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि यह लकड़बग्घा के पैरों के निशान है।

शाम ढलने से पूर्व सरहदी क्षेत्रों से काम करने वाले लोग जा रहे हैं अपने घर- झारखंड सरहदी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग काम करने रामानुजगंज आते हैं परंतु आदमखोर तेंदुआ का आतंक के कारण शाम ढलने से पूर्व सभी अपने-अपने घरों तक जा रहे हैं स्थिति ऐसी है कि शाम ढलते ही झारखंड के सरहदी गांव में सन्नाटा पसर जा रहा है।

पर्यटन स्थलों पर आदमखोर तेंदुआ के दहशत का दिखेगा असर- आदमखोर तेंदुआ कन्हर नदी पार करके कभी भी छत्तीसगढ़ की और प्रवेश कर सकता है जिस कारण छत्तीसगढ़ के सरहदी क्षेत्रों के लोग भी दहशत में रह रहे हैं यहां तक कि 1 जनवरी को पलटन घाट वन वाटिका सहित अन्य पर्यटन स्थलों में आदमखोर तेंदुआ के दहशत का असर दिखेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480